प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

भारतीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। श्री मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ते हुए भारत में सबसे लम्बे समय तक सरकार के प्रमुख बने रहने का नया कीर्तिमान बनाया है।

****

खाड़ी देशों में जारी संघर्ष के बीच भारत की लगातार कूटनीतिक जीत दिख रही है। दुनिया भर में सामान की सप्लाई में आ रही दिक्कतों के बीच, अमेरिका से एलपीजी लेकर एक बड़ा जहाज़ भारत के मंगलुरु बंदरगाह पर पहुंच गया है। वहीं रूस से कच्चा तेल लेकर चला एक अन्य जहाज भी मंगलुरु पहुंच गया है। यह जहाज बंदरगाह से लगभग 18 समुद्री मील दूर स्थित था। तेल को पाइपलाइन के माध्यम से एमआरपीएल तक पहुंचाने के लिए सिंगल–पॉइंट मूरिंग सिस्टम का उपयोग किया जाएगा।

****

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है। पलामू पुलिस ने तस्कारों के खिलाफ मुहिम में एक और सफलता हासिल की है। रेलवे स्टेशन पुलिस ने दो अफीम तस्करों को करीब सवा किलोग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है।

****

गुमला की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में 24 और 25 मार्च को नगर भवन गुमला में पुस्तक परब सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शिक्षा विभाग औरं गैर सरकारी संगठन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता सुषमा देशपांडे द्वारा रचित एकल नाटक "हाँ, मैं सावित्रीबाई फुले" का मंचन किया जाएगा।

****

झारखंड समेत देश दुनिया में आज विश्व जल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस वर्ष की थीम जल और लैंगिक समानता है, जो पानी तक पहुंच में समानता पर जोर देती है। हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व जल दिवस अब मात्र औपचारिक आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि यह आत्ममंथन, चेतावनी और सामूहिक संकल्प का प्रतीक बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर देशवासियों से जल संरक्षण का संकल्प दोहराने की अपील की है। उन्होंने अपने संदेश में कहा है पानी न सिर्फ जीवन का आधार है, बल्कि हमारे ग्रह के भविष्य को भी आकार देता है।

****

हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के तात्कालीन मुखिया दिलीप कुमार रविदास ने जल संचयन को लेकर बेहतर प्रयास किया है, जिनकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया था। दिलीप कुमार रविदास के प्रयास से गांव के जल स्तर में वृद्धि हुई है।

****

नहाय खाय के साथ ही नेम निष्ठा का चार दिवसीय चैती छठ महापर्व आज से शुरू हो गया है। छठ महापर्व के सिलसिले में छठव्रती कल खरना का अनुष्ठान करेंगे। वहीं परसों अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करेंगे। उधर देवघर समेत पूरे झारखंड में कद्दू भात के साथ व्रतियों ने पहले दिन का अनुष्ठान किया। इधर महापर्व को लेकर छठ बाजार भी सज गये हैं, जहां सामग्रियों की खरीदारी में लोग जुटे हैं।

****

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पच्चीस मार्च तक आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। मौसम विज्ञान केन्द्र के पूर्वानुमान के मुताबिक छब्बीस और सताइस मार्च को एक बार फिर राज्य में कहीं–कहीं गरज के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। केन्द्र ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

************समाप्त***********